साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS

जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है संपर्क करें ...

संपर्क करे- 9425156055

वर्ष-10 अंक-10 www.yuvapradesh.in भोपाल, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026 ypnews24@gmail.com पृष्ठ-08 मूल्य 2 रूपये

## डॉ आम्बेडकर का भारत के नागरिकों को सबसे बड़ा उपहार ARTICLE 32 जानिए

यह अनुच्छेद भारतीय संविधान में संविधानिक उपचारों का अधिकार कहलाता है, डॉ.भीमराव आम्बेडकर ने अनुच्छेद 32, को भारतीय संविधान की आत्मा या हृदय इसलिए कहा है कि यह अनुच्छेद सभी नागरिकों को यह छूट देता है कि वह अपने मौलिक अधिकारों के संरक्षण के लिए सीधे सर्वोच्च न्यायालय के पास जा सकते हैं, एवं अपने अधिकारों को लागू करने की मांग कर सकते हैं।



लेखक एडवोकेट बी. आर. अहिरवार (विधिक सलाहकार नर्मदापुरम) 9827737665

सर्वोच्च न्यायालय इन अधिकारों की रक्षा के लिए अनेक प्रकार की रिट जारी कर सकता हैं जैसे- बंदी प्रत्यक्षीकरण, परमादेश, प्रतिषेध, अधिकार-प्रच्छा, उत्प्रेरक आदि जारी कर सकता है। इसके अतिरिक्त सर्वोच्च न्यायालय ने जनहित याचिका के मामले को भी अनुच्छेद 32 के तहत सुनना प्रारंभ किया है,जिसके अंतर्गत कोई भी व्यक्ति या समूह किसी पीड़ित व्यक्ति की और से न्यायालय में मौलिक अधिकारों के संरक्षण के लिए जा सकता है।

सामान्य भाषा में कहे तो भारतीय संविधान में अनुच्छेद 14 से 35 तक सभी मौलिक अधिकारों की रक्षा करता है या संरक्षण हैं अनुच्छेद 32। इसी कारण अनुच्छेद 32 को बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने इसे भारतीय संविधान की आत्मा या हृदय कहा है

# नर्मदापुरम-टिमरनी स्टेट हाईवे तरक्की का खोलेगा नया मार्ग : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज का दिन भारत के लोकतंत्र के इतिहास का बड़ा दिन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 21वीं शताब्दी के सबसे बड़े निर्णय नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर लोकसभा में चर्चा की शुरुआत हुई है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम बहनों के राजनीतिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। नारी केवल सृष्टि की जननी ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की उन्नति की वास्तविक सूत्रधार है। जब हम विकसित भारत की कल्पना करते हैं, तो उसकी नींव में आधी आबादी के सामर्थ्य, संघर्ष और सफलता की कहानियां स्पष्ट दिखाई देती हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसी सामर्थ्य को संवैधानिक मान्यता देने और लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं के लिए नेतृत्व के नए द्वार खोलने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। प्रधानमंत्री मोदी देशवासियों के सामाजिक-आर्थिक उन्नयन के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर भी समान रूप से ध्यान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 972 करोड़ से अधिक लागत के 72 किलोमीटर लंबे नर्मदापुरम-टिमरनी स्टेट हाईवे-67 का उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य के भूमि-पूजन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को नर्मदापुरम जिले के सिवनी-मालवा में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री और नर्मदापुरम के प्रभारी राकेश सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में



पहले से ही स्थानीय निकाय और नगरीय निकाय चुनावों में 50 प्रतिशत पद बहनों के लिए आरक्षित हैं। राज्य सरकार बहनों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, राज्य सरकार जो कहती है, उसे पूरा करती है। प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को अब तक 55 हजार करोड़ रुपए से अधिक राशि दी जा चुकी है। लाड़ली बहना योजना की शुरुआत से लेकर अब तक प्रति बहन 40 हजार 500 रुपए से अधिक राशि बहनों के बैंक खातों में आई है। बहनें चिंता न करें, योजना की राशि बढ़कर 1500 रुपए करने के साथ आगे भी जो संभव होगा वह किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। प्रदेश में पहली बार शासकीय स्कूलों के बच्चों को माता यशोदा योजना के अंतर्गत निःशुल्क दूध के पैकेट बांटे जाएंगे। हमारे बच्चे मानसिक और शारीरिक रूप से तंदुरुस्त बनेंगे। प्रदेश में दूध उत्पादन बढ़ाने और गौपालन को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की शुरू की है। इससे हमारे भाई-बहनों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। राज्य सरकार ने कठिन समय में सड़क पर घायलों की मदद के लिए राहवीर योजना शुरू की है, जिसमें घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले को 25 हजार रुपए की राशि प्रोत्साहन स्वरूप देने की व्यवस्था है। मुश्किल वक्त में गरीब-जरूरतमंदों की मदद के लिए एयर एम्बुलेंस भी संचालित की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि, पर्यटन, उद्योग, वन्य जीव और जनजातीय क्षेत्रों को समेटे नर्मदापुरम जिला विविधता से परिपूर्ण है। पचमढ़ी में राजा भभूत सिंह के नाम पर कैबिनेट बैठक आयोजित की गई थी। नर्मदापुरम में नर्मदा लोक भी बन रहा है। नर्मदापुरम में उद्योग और कृषि के विकास के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। सड़कें विकास का आधार हैं, इस तथ्य को दृष्टिगत रख नर्मदापुरम जिले में अनेक सड़क परियोजनाओं का कार्य जारी है।

## IT Act, 2000- लाइसेंस, पेटेंट, डिप्लोमा आदि हेतु झूठी जानकारी देना कितना गंभीर अपराध है, पढ़िए

मिथ्या प्रमाण पत्र बनाकर लाभ लेना या किसी दस्तावेजों का कुटकरण करना भारतीय न्याय संहिता,2023 में वर्णित अपराध है। लेकिन किसी लाइसेंस या कोई आज्ञा प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए गलत बयान देना या किसी नियंत्रक या प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारी के समक्ष जानबूझकर कर गलत जानकारी प्रस्तुत करेगा ऐसा करने वाले व्यक्ति का अपराध किस कानून के अंतर्गत माना जायेगा जानिए।

The Information Technology Act-2000, Section 71 की परिभाषा-

यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर कर किसी नियंत्रक या प्रमाणकर्ता अधिकारी को किसी प्रकार का लाइसेंस (अनुज्ञप्ति) या कोई डिजिटल प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए झूठी जानकारी प्रस्तुत करेगा या



महत्वपूर्ण बातें, जानकारी को छिपायेगा तब ऐसा करने वाला व्यक्ति अधिनियम की धारा 71 के अन्तर्गत दोषी होगा।

नोट- यहाँ अनुज्ञप्ति शब्द का वास्तविक अर्थ हैं किसी भी प्रकार का लाइसेंस प्राप्त या आज्ञा प्रमाण पत्र प्राप्त करना जैसे अविष्कार, पेटेंट, सनद, डिप्लोमा, वाहन, होटल, दुकान आदि की अनुज्ञप्ति।

सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 71 के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान- यह अपराध किसी भी प्रकार से समझोता योग्य नहीं है, यह असंज्ञेय एवं जमानतीय अपराध हैं। अधिनियम के अनुसार अपराध का इन्वेस्टिगेशन करने की शक्ति निरीक्षक(इंस्पेक्टर) की नीचे की पक्ति के पुलिस अधिकारी को नहीं हैं। सजा- इस अपराध के लिए अधिकतम दो वर्ष की कारावास या एक लाख रुपए जुर्माना या दोनो से दण्डित किया जा सकता हैं।

**- लेखक एडवोकेट बी. आर. अहिरवार (विधिक सलाहकार नर्मदापुरम) 9827737665***

## अधिवक्ताओं के लिए सभी वादे करते हैं काम नहीं -संतोष कुमार शर्मा

आगामी राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव के प्रत्याशी एडवोकेट श्री संतोष कुमार शर्मा जो कि जो कि वर्तमान में राष्ट्रीय संयुक अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष हैं उन्होंने संगठन के माध्यम से अधिवक्ता के लिए बहुत कुछ किया है उनके सुख दुःख में साथ दिया है और निरन्तर सेवा करते आ रहे हैं इस बार वह मध्यप्रदेश राज्य बार परिषद के प्रत्याशी भी हैं उन्होंने कहा कि की अधिवक्ताओं के लिए बड़े बड़े वादे किए जाते हैं पर निभाता कोई नहीं है इस बार उन्होंने सभी मध्यप्रदेश बार, जिला, तहसील न्यायालय के अधिवक्ताओं से अनुरोध किया है कि उन्हें प्रथम वरीयता के रूप में मत प्रदान करे जैसे संगठन में निरंतर अधिवताओं के हितों में कार्य करते आ रहे हैं वैसे ही मध्यप्रदेश के अधिवक्ताओं के हितों मे योजनाएं बनाकर काम करेंगे। संतोष कुमार शर्मा जी को उनकी सक्रियता के कारण भारी समर्थन मिल रहा है प्रत्येक जिला न्यायालय, तहसील न्यायालय से।





# जिलें में मलेरिया,डेंगू,चिकनगुनिया बीमारी के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु की गई कार्रवाई

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**



मलेरिया विभाग द्वारा भोपाल जिले में डेंगू, चिकनगुनिया नियंत्रण के लिए एंटीलार्वा गतिविधियों एवं प्रचार-प्रसार का कार्य निरंतर किया जा रहा है। एम्बेड परियोजना (एन.जी.ओ) के माध्यम से डेंगू चिकनगुनिया बीमारी के नियंत्रण में प्रचार-प्रसार एवं सर्वे में निरंतर सहयोग किया जा रहा है। स्कूलों, कॉलेजों, निजी रहवासी सोसाइटी, मोहल्ला सभा के माध्यम से मलेरिया,डेंगू,चिकनगुनिया के नियंत्रण हेतु कार्यशाला की गई है। मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया बीमारी के नियंत्रण के लिए 44 टीम का गठन कर 21जोन के अतंर्गत 85 वार्ड में संचालन भोपाल शहर में किया जा रहा है जिनके द्वारा वर्ष 2026 में 1 जनवरी से अब तक 138774 घरों का सर्वे कर 3246 कंटेनरों में लार्वा विनिष्टिकरण का कार्य किया जा चुका है। जहां बुखार के केस मिलते है वहां तत्काल रेपिड किट से मलेरियां की जांच की जाती है डेंगू,चिकनगुनिया के लक्षण मिलने पर जिले में चिन्हित पाँचों सेंटीनल साइट पर मरीज को एलाईजा जॉच हेतु भेजा जाता है। भोपाल जिले में डेंगू चिकनगुनिया की जांच हेतु 5 सेंटीनल साइट एम्स,जी.एम.सी.,बी.एम.एच.आर.सी., जे.पी. चिकित्सालय, सिविल अस्पताल बैरागढ बनाई गई है जहां पर डेंगू, चिकनगुनिया के संभावित लक्षण पाए जाने पर पांच सेंटीनल साइट पर डेंगू और चिकनगुनिया की जाँच की जाती हैं डेंगू,चिकनगुनिया के सकारात्मक प्रकरण पाए जाने पर एवं सवेंदनशील क्षेत्रों में एंटीलार्वा एक्टीविटी के साथ मरीज के धर एवं आस-पास फॉगिंग कार्य 4 फॉगिंग मशीनों के माध्यम से निरंतर फॉगिंग कार्य किया जा रहा है। भोपाल शहर में निरंतर किये जा रहे जन-जागरूकता अभियान, प्रचार-प्रसार, एंटीलार्वा एक्टीविटी के माध्यम से डेंगू,चिकनगुनिया के सकारात्मक प्रकरणों में वर्ष दर वर्ष निरंतर कमी पाई जा रही है। इस वर्ष 2026 में जनवरी से अब तक कुल मलेरिया जांच 43617 पॉजीटिव 3, डेंगू जांच 1220 पॉजीटिव 18, चिकनगुनिया 282 पॉजीटिव 2 प्रकरण पाये गये है, जबकि पिछले वर्ष 2025 में जनवरी से लेकर 11 अप्रैल 2025 तक 27 डेंगू 38 चिकनगुनिया के सकारात्मक प्रकरण पाये गए थे मलेरिया विभाग द्वारा एवं नगर निगम के माध्यम से जलभराव वाले स्थान चिन्हित कर स्थाई एवं अस्थाई स्त्रोतो में 1 जनवरी 2026 से अब तक लगभग 30000 गंबूशिया मछली का वितरण संचयन किया जा चचुका है ।

# मध्यप्रदेश बोर्ड परीक्षा परिणाम में जयसिंहनगर के कक्षा 10वीं में 91.4% तो कक्षा 12वीं में 100% रहा परिणाम

## प्रदेश की टॉप-10 मेरिट सूची में नगर की मेधावी विद्यार्थी दीक्षा मिश्रा ने बनाई जगह

**कैलाश कुमार अहिरवार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

शहडोल - ।मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित वर्ष 2026 के बोर्ड परीक्षा परिणामों में सांदीपनी विद्यालय जयसिंहनगर ने अभूतपूर्व सफलता हासिल करते हुए पूरे प्रदेश में अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है। सांदीपनी विद्यालय जयसिंहनगर ने हाईस्कूल (10वीं) में 91.4% और हायर सेकेंडरी (12वीं) में 100% परिणाम देकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि जिले के इतिहास का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन माना जा रहा है। परीक्षा से पहले चलाए गए 'विशेष शैक्षणिक अभियान' के तहत शत-प्रतिशत शैक्षणिक कैलेंडर का पालन, नियमित मॉडल टेस्ट, प्री-बोर्ड परीक्षाएं और सतत मूल्यांकन ने विद्यार्थियों को मजबूत आधार प्रदान किया। विशेष रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए चलाई गई रेमेडियल कक्षाओं ने उन्हें मुख्यधारा में लाकर सफलता दिलाने में अहम भूमिका निभाई। प्रावीण्य सूची के चमकते सितारे





राज्य स्तरीय प्रवीण सूची में स्थान बनाकर जयसिंहनगर की मेधावी विद्यार्थी ने न केवल अपनी कड़ी मेहनत और लगन का शानदार परिचय दिया है, बल्कि पूरे जिले का गौरव भी बढ़ाया है। कक्षा 10वीं में शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयसिंहनगर की प्रतिभाशाली छात्रा कंचन प्रजापति ने 485 अंक अर्जित करते हुए नगर को गौरवान्वित किया। वहीं कक्षा 12वीं (गणित समूह) में दीक्षा मिश्रा ने 483 अंक प्राप्त कर राज्य की मेरिट सूची में 10 वाँ स्थान प्राप्त किया। इन छात्रों की सफलता ने न केवल जिले का नाम रोशन किया, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बन गए। यह सफलता केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण है। सही दिशा, मजबूत नेतृत्व और सामूहिक प्रयास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इन छात्रों की उपलब्ध देने अपने माता-पिता विद्यालय परिवार नगर एवं जिला संभाग का नाम रोशन कर गौरवान्वित किया है संस्था के लगातार दूसरे वर्ष उक्त उपलब्धि एवं छात्रों के बेहतर परीक्षा परिणाम आने से नगर के लोग गढ़वाली महसूस कर रहे हैं तथा हर्ष व्याप्त है एवं सांदीपनी विद्यालय के प्राचार्य वहां के शिक्षकों को साधुवाद दे रहे हैं


**आदरणीय अधिवक्ता साथियों**

आगामी मध्य प्रदेश राज्य बार काउंसिल चुनाव में एडवोकेट आर. एन. मिश्रा को अपना अमूल्य वोट एवं समर्थन देकर अनुग्रहित करें। कृपया प्रथम वरीयता (vst Preference) का मत देकर उन्हें विजयी बनाएं। ईमानदार छवि के व्यक्ति। ''न्याय और अधिवक्ता हित सर्वोपरि÷ आपके सहयोग एवं आशीर्वाद का आकांक्षी

**आर. एन. मिश्रा (एडवोकेट) उच्च न्यायालय, जबलपुर**





# मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जेपी अस्पताल में गर्मी से बचाव के इंतजाम न होने पर जताई नाराजगी

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल**



मध्यप्रदेश जयप्रकाश जिला चिकित्सालय की सेवाओं का जायजा लेने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. मनीष शर्मा ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। लगभग दो घंटे तक चले सघन निरीक्षण में अस्पताल के प्रत्येक हिस्से की जांच की गई। इस दौरान एसएनसीयू, पीआईसीयू , पोषण पुनर्वास केंद्र, बच्चा वार्ड, टीकाकरण कक्ष, मेडिकल आईपीडी, सर्जिकल आईपीडी, ब्लड बैंक, इंटीग्रेटेड लैबोरेट्री, आकस्मिक चिकित्सा इकाई,आईसीयू का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वार्डों में एयर कंडीशनर चालू न होने पर सीएमएचओ द्वारा नाराजगी जताते हुए इसे तुरंत शुरू करवाने के निर्देश दिए गए। साथ ही एसएनसीयू एवं पीआईसीयू में पेस्ट कंट्रोल सिस्टम को पुख्ता करने के लिए कहा गया। अस्पताल में नियमित रूप से साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक शिफ्ट में सफाई सुपरवाइजर द्वारा निरीक्षण करने एवं रोगियों एवं परिजनों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया। सीएमएचओ ने अस्पताल के आरएमओ एवं अस्पताल प्रबंधन को फायर सेफ्टी, पेस्ट कंट्रोल एवं इलेक्ट्रिकल ऑडिट की रिपोर्ट उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि गर्मी के मौसम में अस्पताल आने वाले मरीजों को परेशानी ना हो, इसके इंतजाम करवाए जा रहे हैं। सफाई व्यवस्था को बेहतर करने एवं हीट स्ट्रोक व मौसमी बीमारियों के इलाज के लिए लिए पर्याप्त व्यवस्था करने हेतु कहा गया है।

# मध्यप्रदेश बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं में प्रदेश में प्रथम और 12वीं में द्वितीय स्थान पर रहा जिला

**कैलाश कुमार अहिरवार - सह संपादक**

अनूपपुर 15 अप्रैल 2026/ मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित वर्ष 2026 के बोर्ड परीक्षा परिणामों में अनूपपुर जिले ने अभूतपूर्व सफलता हासिल करते हुए पूरे प्रदेश में अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है। जिले ने हाईस्कूल (10वीं) में प्रदेश में प्रथम और हायर सेकेंडरी (12वीं) में द्वितीय स्थान प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि जिले के इतिहास का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन माना जा रहा है।

### रणनीति, संकल्प और टीमवर्क से मिली सफलता

इस ऐतिहासिक सफलता के सूत्रधार कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली का दूरदर्शी नेतृत्व और सशक्त रणनीति रही। उनके मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग और जिला शिक्षा केंद्र ने 'टीम अनूपपुर' के रूप में समन्वित प्रयास किए। परीक्षा से पहले चलाए गए 'विशेष शैक्षणिक अभियान' के तहत शत-प्रतिशत शैक्षणिक कैलेंडर का पालन, नियमित मॉडल टेस्ट, प्री-बोर्ड परीक्षाएं और सतत मूल्यांकन ने विद्यार्थियों को मजबूत आधार प्रदान किया। विशेष रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए चलाई गई रेमेडियल कक्षाओं ने उन्हें मुख्यधारा में लाकर सफलता दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

### प्रावीण्य सूची के चमकते सितारे

राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान बनाकर जिले के दो मेधावी विद्यार्थियों ने न केवल अपनी कड़ी मेहनत और लगन का शानदार परिचय दिया है, बल्कि पूरे जिले का गौरव भी बढ़ाया है। कक्षा 10वीं में शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खूंटाटोला की प्रतिभाशाली छात्रा खुशी साहू ने 493 अंक अर्जित करते हुए प्रदेश में 7वाँ स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा 12वीं (गणित समूह) में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अनूपपुर के छात्र धीरज पांडे ने 486 अंक प्राप्त कर राज्य की मेरिट सूची में 7वाँ स्थान प्राप्त किया।







इन छात्रों की सफलता ने न केवल जिले का नाम रोशन किया, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बन गए।

### सामूहिक प्रयासों का मीठा फल

कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी। कलेक्टर ने कहा कि यह सफलता 'टीम अनूपपुर' के सामूहिक समर्पण, अनुशासन और अथक परिश्रम का परिणाम है।

### भविष्य के लिए नई प्रेरणा

अनूपपुर की यह सफलता केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण है। यह दर्शाता है कि सही दिशा, मजबूत नेतृत्व और सामूहिक प्रयास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। अब यह उपलब्धि आने वाले वर्षों में जिले के विद्यार्थियों के लिए नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का स्त्रोत बनेगी, जिससे अनूपपुर शिक्षा के क्षेत्र में और ऊंचाइयों को छूने के लिए अग्रसर रहेगा। कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रावीण्य सूची में बनाया स्थान

जिले के अंतर्गत कक्षा 10वीं की प्रावीण्य सूची में कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्थान प्राप्त किया। इनमें कविता दुबे (महर्षि एंग्लो जर्मन स्कूल, परसवार, अनूपपुर) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं गायत्री देवी (शासकीय सांदीपनि हायर सेकेंडरी स्कूल, खुंटाटोला, अनूपपुर) द्वितीय स्थान पर रहीं। इसके अतिरिक्त पीयूष जोगी (विवेक शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल, कोतमा), आयुषी वर्मा (शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल, जैतहरी), सृष्टि पांडेय (शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, अमलाई कॉलरी, अनूपपुर) एवं रिचा सिंह राठौर (न्यू स्टेला हायर सेकेंडरी स्कूल, अनूपपुर) ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं की प्रावीण्य सूची में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शिप्रा शर्मा (शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल, कोतमा) ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं आकांक्षा उपाध्याय (शासकीय सांदीपनि कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, बदरा) एवं सक्षम गुप्ता (ग्रीनलैंड पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, अनूपपुर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन सभी विद्यार्थियों की उपलब्धि ने अनूपपुर जिले का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित किया है।

# डॉ अंबेडकर छात्रावास में बाबा साहेब महात्मा फुले जयंती पर भव्य आयोजन



**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित डॉ. अंबेडकर छात्रावास में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती एवं महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती के अवसर पर छात्र मिलन समारोह, रैली और वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संयुक्त छात्रावास के तत्वावधान में कार्यक्रम की शुरुआत एक भव्य और ऐतिहासिक रैली से हुई, जो कई वर्षों बाद आयोजित की गई। रैली छात्रावास से प्रारंभ होकर ष्टरू हाउस होते हुए पॉलीटेक्निक चौराहा तक पहुंची। इस दौरान छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संवैधानिक मूल्यों, शिक्षा के महत्व और ÷शिक्षायुक्त एवं नशामुक्त भारत÷ का संदेश दिया। साथ ही आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया गया।

रैली के बाद छात्रावास परिसर में वैचारिक संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसकी शुरुआत संविधान की प्रस्तावना के वाचन से हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ढ्ढस्र संतोष वर्मा (प्रांतीय अध्यक्ष, आजक्स), डॉ. मेजर मनोज राजे, एस.एल. सूर्यवंशी, एडवोकेट विद्याराज मालवीय सहित अनेक वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता, प्रशासनिक अधिकारी एवं छात्र उपस्थित रहे।

संगोष्ठी में वक्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों को स्मरण करते हुए उनके प्रसिद्ध संदेश ÷शिक्षित बनो, संगठित बनो, संघर्ष करो÷ को जीवन में अपनाने पर जोर दिया।



उन्होंने कहा कि अगर समाज को अपने दुखों से मुक्ति चाहिए, तो उसे संघर्ष करना होगा, लेकिन संघर्ष से पहले शिक्षा आवश्यक है। ज्ञान के बिना लड़ी गई लड़ाई में हार निश्चित है, इसलिए शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताया गया।

वक्ताओं ने यह भी कहा कि जब तक समाज में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय पूरी तरह स्थापित नहीं होता, तब तक बाबा साहेब का मिशन अधूरा रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि वे एकजुट होकर बाबा साहेब के सपनों का भारत बनाने के लिए कार्य करेंगे।

कार्यक्रम का सफल आयोजन - छात्रावास अधीक्षक - राजीव सक्सेना जी ,लवकुश कुमार, लक्ष्य भारतीय ( जिला अध्यक्ष युवा छात्रसंघ भोपाल) , शुभम मेहरा एवं डॉ. अंबेडकर छात्रावास श्यामला हिल्स भोपाल के समस्त छात्रावास परिवार द्वारा किया गया।

# भोपाल जिले में जनगणना के प्रथम चरण की तैयारियां पूर्ण प्रथम चरण में मकानों की गणना एवं सूचीकरण

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

भारत की जनगणना 2026-27 के अंतर्गत जनगणना कार्य निदेशालय के निर्देशानुसार जनगणना का प्रथम चरण प्रारंभ किया गया है। इस चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जा रहा है, जिसमें घर-घर जाकर भवन,मकान नम्बर अंकन, अनुमानित परिवार संख्या, मुखिया का नाम, निवास का स्वरूप आवासीय अनावासीय सहित अन्य आवश्यक जनगणना संबंधी आंकड़ों का संग्रहण किया जाएगा । जिला जनगणना अधिकारी ने बताया कि एक मई से प्रारंभ होने वाले प्रथम चरण में उक्त कार्य को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संपादित करने के उद्देश्य से ।ख्रभोपाल जिले के शहरी क्षेत्र को 25 चार्जों में बांटा गया है जिसमें चार्ज स्तर पर ही 5042 प्रगणकों की नियुक्ति की गई है। जबकि ग्रामीण क्षेत्र के चार्जों में 907 प्रगणकों की नियुक्ति की गई है। एक प्रगणक को 200 मकानों की गणना करनी है। ग्रामीण क्षेत्र में 4 चार्ज बनाए गए हैं जिसमें बैरसिया नगर परिषद, बैरसिया ग्रामीण, हुजूर एवं कोलार इसके साथ ही उनके कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए प्रत्येक 6 प्रगणकों पर एक पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई है। चार्ज स्तर पर प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा हैं जो 15 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक चलेगा ।प्रशिक्षण कार्यक्रम में कर्मचारियों को जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी इसमें मकान नम्बरिंग की प्रक्रिया, सूचीकरण के दौरान सावधानियां, घर-घर भ्रमण की कार्ययोजना, अभिलेखों की शुद्धता, समय-सीमा के पालन तथा आम नागरिकों से समन्वय बनाकर कार्य करने पर विशेष जोर दिया गया है। जनगणना का पहला चरण मकान सूचीकरण और आवास गणना 1 मई 2026 से शुरू होकर 30 मई के बीच चलेगा, जो पूरी तरह डिजिटल होगा। इसमें 33 सवालों के साथ मकानों की जियो-टैगिंग और पहली बार ऑनलाइन स्व-गणना (Self-enumeration) का विकल्प दिया जा रहा है। जो 16अप्रैल से प्रारंभ होकर 30 अप्रैल तक चलेगा। प्रथम चरण मकान सूचीकरण की मुख्य तैयारियां डिजिटल सर्वे (Digital Census)ः डेटा संग्रहण के लिए मोबाइल ऐप और स्मार्टफोन का उपयोग। स्व-गणना पोर्टल नागरिक se.census.gov.in पोर्टल या News On AIR पर घर बैठे 15 दिनों के भीतर खुद की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। 33 सवालों का सेट घर की बनावट छत, दीवार, फर्श, मकान नंबर, परिवार के सदस्यों की संख्या, और सुविधाओं पानी, बिजली, शौचालय, वाहन से जुड़े 33 सवाल पूछे जाएंगे। मकानों की जियो-टैगिंग की जाएगी, जिससे सही डिजिटल मैपिंग हो सके। मकान सूचीकरण और आवास गणना 1 मई से शुरू होकर 30 मई तक जारी रहेगी जिसमें प्रत्येक संरचना को एक विशिष्ट पहचान संख्या दी जाएगी। दूसरा चरण अगले वर्ष फरवरी में आयोजित किया जाएगा जिसमें व्यक्तिगत जनसांख्यिकीय डेटा लिया जाएगा। विश्व की सबसे बड़ी जनसंख्या प्रक्रिया, जनगणना- 2027 का पहला चरण आज से शुरू होगा पहले चरण में मकान सूचीकरण मकान सूचीकरण में सभी भवनों और संरचनाओं की सूची तैयार की जाएगी तथा आवासीय स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं और परिसंपत्तियों से संबंधित जानकारी जुटाई जाएगी। भवनों की जियो-टैगिंग भी की जाएगी और प्रत्येक संरचना को एक विशिष्ट पहचान संख्या दी जाएगी।

# आठ गलतियाँ जो खराब करती हैं किडनी अचानक नहीं होता किडनी फेलियर कैसे रखें ध्यान

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश



धीरे-धीरे बनती है किडनी फेलियर की कहानी कभी किडनी में स्टोन बन जाते हैं, कभी किडनी के अंदर दानों जैसी गाठें बनने लगती हैं जिसे मेडिकल भाषा में पोलिसिस्टिक किडनी डिसीस कहा जाता है। कभी दर्द इतना तेज होता है कि इंसान जमीन पर बैठ जाए, कभी सर्जरी तक करनी पड़ती है। और अगर फिर भी आदतों में सुधार नहीं किया गया तो किडनी धीरे-धीरे अपनी ताकत खोने लगती है। जहां एक समय किडनी 100त्न क्षमता से खून साफ करती थी, वही क्षमता 70त्न पर आती है, फिर 60त्न, 50त्न, 40त्नझ् और एक दिन ऐसा आता है जब किडनी पूरी तरह काम करना बंद कर देती है। इस स्टेज को हम किडनी फेलियर कहते हैं। लेकिन क्या इतनी गंभीर बीमारी बिना किसी संकेत के आ जाती है? बिल्कुल नहीं। शरीर पहले ही इशारे देना शुरू कर देता है–पेशाब में बदलाव, पैरों में सूजन, थकान, भूख में कमी, बार-बार उलझन। सवाल है कि हम उन संकेतों को कितनी गंभीरता से लेते हैं। अब असली मुद्दा- किडनी खराब होती क्यों है? और कौन-सी गलतियाँ हैं जिन्हें सुधारकर हम इसे बचा सकते हैं? गलती नंबर 1 ज्यादा नमक कभी नोटिस किया है कि ज्यादा नमक खाने के बाद तुरंत प्यास क्यों लगती है? जब आप ज्यादा नमक खाते हैं तो खून में सोडियम बढ़ जाता है। सोडियम शरीर में पानी का बैलेंस संभालता है। जैसे ही सोडियम बढ़ता है, शरीर पानी मांगता है ताकि संतुलन बने। आप पानी पीते हैं, पानी खून में रुकता है, और खून का वॉल्यूम बढ़ जाता है। खून का वॉल्यूम बढ़ेगा तो नसों पर प्रेशर बढ़ेगा। मोटी नसें झेल लेती हैं, लेकिन बारीक नसें–जो आंख, दिमाग और किडनी में होती हैं–धीरे-धीरे डैमेज होने लगती हैं।क्या करें? घर का सामान्य नमक ठीक है, एक्स्ट्रा नमक बंद करें। अचार, पैकेट फूड, चिप्स लिमिट में लें।बच्चों को कम उम्र से हाई-सोडियम स्नैक्स की आदत न डालें। गलती नंबर 2 जरूरत से ज्यादा कैफीन कैफीन खून में करीब 6 घंटे तक रहता है। जब किडनी बार-बार खून फिल्टर करती है तो उस पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। ज्यादा पेशाब आता है, फिल्ट्रेशन पर लोड बढ़ता है। कैफीन की एक और समस्या यह है कि यह कैल्शियम को पेशाब के रास्ते बाहर ले जाने में मदद करता है। यही कैल्शियम ऑक्सिलेट के साथ मिलकर स्टोन बना सकता है। कैफीन कहां है?कॉफी,चाय,ग्रीन टी एक कप कॉफी में लगभग 80झ्90 द्वद्द कैफीन, चाय में 60झ्70 द्वद्द, ग्रीन टी में 30झ्35 द्वद्द। दिन में लिमिट के अंदर लें। रोज की मजबूरी न बनाएं। आदत बन गई तो कप 1 से 10 हो जाते देर नहीं लगती। गलती नंबर 3 पेनकिलर का खुद से इस्तेमाल

सर दर्द, कमर दर्द, बदन दर्द–और तुरंत पेनकिलर। दर्द गायब, लेकिन किडनी पर वार। किडनी एक हार्मोन बनाती है जिसे प्रोस्टाग्लैंडिं कहा जाता है। यह ब्लड फ्लो, सोडियम-पानी संतुलन और इंफ्लेमेशन कंट्रोल करता है। पेनकिलर इस हार्मोन के बनने को रोक देते हैं। नतीजा–किडनी का ब्लड फ्लो घटता है, सूजन बढ़ती है और अचानक किडनी इंजरी हो सकती है। लगातार दुरुपयोग से यह क्रोनिक किडनी डिजीज में बदल सकती है।नियम हल्के दर्द में तुरंत पेनकिलर न लें। जरूरत हो तो डॉक्टर की सलाह से ही लें। लंबी अवधि तक खुद से इस्तेमाल बिल्कुल नहीं। गलती नंबर 4 पानी कम या ज्यादा कम पानी पेशाब कम टॉक्सिन ज्यादा कंसन्ट्रेट क्रिस्टल बनना स्टोन। लेकिन जरूरत से ज्यादा पानी भी सही नहीं। इससे सोडियम लेवल गिर सकता है और किडनी पर बेवजह लोड पड़ता है।कितना पानी? औसतन 8 गिलास, लेकिन मौसम और मेहनत के हिसाब से बढ़-घट सकता है। दो गोल्डन रूल हल्की प्यास को इग्नोर मत करो। बिना प्यास जबरदस्ती 3झ्4 गिलास एक साथ मत पियो। गलती नंबर 5 जरूरत से ज्यादा प्रोटीन शरीर एक लिमिट तक ही प्रोटीन अब्सॉर्ब करता है। एक्स्ट्रा प्रोटीन पेशाब से बाहर निकालना पड़ता है-और यह काम किडनी करती है। ज्यादा प्रोटीन = ज्यादा लोड। सामान्य जरूरत 0.8 से 1 ग्राम प्रति किलो बॉडी वेट। 50 किलो वजन वाले को लगभग 50 ग्राम प्रोटीन पर्याप्त है। एक स्कूप सप्लीमेंट में 24झ्25 ग्राम प्रोटीन होता है। इसलिए सप्लीमेंट शुरू करने से पहले पूरी समझ जरूरी है।गलती नंबर 6 हाई ग्लाइसेमिक फूड हाई ग्लाइसेमिक फूड वह है जो ब्लड शुगर तेजी से बढ़ाता है। उदाहरण वाइट ब्रेड फ्रूट जैम चाय-बिस्किट मैदा से बनी चीजें रिफाइंड शुगर मैदा = आटे से फाइबर हटाकर बना। चीनी = गन्ने से फाइबर और पानी हटाकर बनी। फाइबर हट गया तो शुगर तेजी से खून में जाएगी। रोज सुबह खाली पेट ऐसी चीजें खाना डायबिटीज, हाई बीपी और किडनी डैमेज की जमीन तैयार करता है। हफ्ते में कभी-कभार ठीक, रोजाना नहीं। गलती नंबर 7 स्मोकिंग लोग सोचते हैं सिगरेट से सिर्फ कैंसर होता है। लेकिन सच्चाई यह है कि सिग*रेट के केमिकल खून की नसों में रुकावट पैदा करते हैं। किडनी की बारीक नसें भी प्रभावित होती हैं इनफ्लेमेशन बढ़ता है, ब्लड फ्लो घटता है और फिल्ट्रेशन क्षमता कम होने लगती है। यह सिर्फ किडनी नहीं, पूरे शरीर को नुकसान पहुंचाता है। गलती नंबर 8 शराब अल्कोहल सिर्फ लिवर को नहीं, हार्मोन बैलेंस को भी बिगाड़ता है। हार्मोनल असंतुलन से किडनी फंक्शन प्रभावित होता है। लंबे समय में यह गंभीर समस्या बन सकता है। किडनी फेलियर कोई अचानक गिरने वाली बिजली नहीं है। यह छोटी-छोटी गलतियों का सालों का जोड़ है। नमक, कैफीन, पेनकिलर, पानी की आदत, प्रोटीन का ओवरडोज, हाई ग्लाइसेमिक फूड, स्मोकिंग और अल्कोहल–ये सब मिलकर धीरे-धीरे किडनी की ताकत कम करते हैं। अगर आप सच में अपने परिवार को स्वस्थ देखना चाहते हैं, तो इन आदतों पर कंट्रोल जरूरी है। शरीर के सिग्नल को समझिए, नजरअंदाज मत कीजिए। आप अपनी किडनी का ध्यान कैसे रखते हैं

# कुदरी हाई स्कूल की छात्रा संध्या रैदास ने 91.8% अंकों के साथ गाड़ा सफलता का झंडा

कैलाश कुमार अहिरवार - सह संपादक (युवा प्रदेश)

जयसिंहनगर। माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं की परीक्षा में शासकीय हाई स्कूल कुदरी (जयसिंहनगर) के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय की मेधावी छात्रा संध्या रैदास ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है।

प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन

संध्या रैदास (सुपुत्री श्री सोरित लाल रैदास) की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। विद्यालय की ही अन्य छात्रा श्रद्धा यादव ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। छात्राओं ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद और विद्यालय के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को दिया है।

स्कूल का परिणाम रहा 95.4 प्रतिशत

शासकीय हाई स्कूल कुदरी का इस वर्ष का कुल परीक्षा परिणाम 95.4त्न रहा, जो शिक्षकों की मेहनत और संस्था के अनुशासन को दर्शाता है। विद्यालय के



शिक्षकों ने बताया कि संध्या शुरू से ही पढ़ाई में कुशाग्र रही हैं और उनकी इस उपलब्धि ने अन्य छात्र-छात्राओं के लिए एक मिसाल पेश की है।

> ÷यह पूरे विद्यालय परिवार के लिए गौरव का क्षण है। सभी शिक्षकों के सामूहिक प्रयास और बच्चों की कड़ी मेहनत से ही संस्था का परीक्षा परिणाम इतना बेहतर रहा है।÷ – संस्था प्रमुख, शासकीय हाई स्कूल कुदरी

सफलता की इस ऊँचाई को छूने पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों, ग्रामीणों और इष्ट मित्रों ने संध्या रैदास और श्रद्धा यादव के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# सारंगपुर में एचपी गैस आपूर्ति ठप, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा जब हर जगह पहुंच रही गाड़ियां, तो यहां क्यों नहीं?

कैलाश कुमार अहिरवार संपादक - युवा प्रदेश* ।

जिले के सारंगपुर गांव में एचपी गैस सिलेंडर की आपूर्ति पूरी तरह से चरमराने से हालात गंभीर होते जा रहे हैं। गांव के सैकड़ों परिवार पिछले कई दिनों से गैस सिलेंडर के इंतजार में परेशान हैं, लेकिन एजेंसी की गाड़ियां गांव तक पहुंचने का नाम ही नहीं ले रही हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि आसपास के अन्य गांवों और कस्बों में यही गाड़ियां नियमित रूप से सिलेंडर वितरण कर रही हैं, जिससे सारंगपुर के ग्रामीण खुद को उपेक्षित और ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

गांव के लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार एजेंसी और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला, जमीनी स्तर पर कोई सुधार नहीं दिखा। हालात ऐसे बन गए हैं कि लोगों के घरों में चूल्हे ठंडे पड़ने लगे हैं। महिलाएं और बुजुर्ग लकड़ी और कंडों पर खाना बनाने को मजबूर हैं, जिससे धुएं के कारण स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। बच्चों और




कामकाजी लोगों की दिनचर्या भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि एजेंसी द्वारा सारंगपुर गांव के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। जब अन्य जगहों पर गैस की आपूर्ति निर्बाध रूप से हो रही है, तो सारंगपुर को नजरअंदाज करना कई सवाल खड़े करता है। लोगों का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो वे सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

इस पूरे मामले में जिला प्रशासन और खाद्य विभाग की चुप्पी भी चिंता का विषय बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल हस्तक्षेप कर गैस आपूर्ति को सुचारू कराया जाए और जिम्मेदार एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को इस तरह की परेशानियों से राहत मिल सके।

सारंगपुर की यह समस्या अब केवल गैस आपूर्ति तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि यह प्रशासनिक लापरवाही और व्यवस्था की खामियों का भी बड़ा उदाहरण बनती जा रही है। अब देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस मुद्दे को कितनी गंभीरता से लेते हैं और कब तक ग्रामीणों को राहत मिल पाती है।

# बरेली में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर भव्य शोभायात्रा, महिला मंडलों के भजनों ने जीता दिल

हल्केवीर सूर्यवंशी, संभागीय संवाददाता

बरेली / रायसेन। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर बरेली में भव्य कार्यक्रम एवं शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन डॉ. भीमराव अंबेडकर मिशन बरेली जिलाङ्करायसेन एवं अहिरवार समाज संघ मध्यप्रदेश के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की भव्य शोभायात्रा से हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। सैकड़ों की संख्या में अनुयायी शामिल हुए और जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। महिला मंडलों द्वारा प्रस्तुत अंबेडकर भजनों ने सभी का मन मोह लिया। रैली के समापन पर डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूरे नगर में 'जय भीम' के नारों से वातावरण गूंज उठा और समाज में एकता व जागरूकता का संदेश दिया गया।





मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल उपस्थित रहे। उन्होंने बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए कहा कि संविधान ने देश को समानता और अधिकारों की दिशा दी है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता यू. एस. अहिरवार (प्राचार्य) द्वारा की गई।

विशेष अतिथि के रूप में
देवेंद्र पटेल (पूर्व विधायक),
हेमंत राजौरिया चौधरी (अध्यक्ष नगर परिषद बरेली),
हरनाम सिंह (वरिष्ठ भाजपा नेता),
सुरेश पाठक (पूर्व अध्यक्ष),
गिरीश पालीवाल (पूर्व अध्यक्ष),
हेमंत नरवरिया (राष्ट्रीय संयोजक),
नेपाल सिंह राजपूत (उपाध्यक्ष न.प.),
एस. एल. राठौर (पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी), एम. आर. बागड़ी (सहायक संचालक), योगेश पटेल (जिला उपाध्यक्ष भाजपा), ए. एस. चौधरी (पूर्व प्राचार्य), राजेश अहिरवार (प्रांतीय अध्यक्ष अ स स), गोपीलाल अहिरवार प्रांतीय सचिव एस एस बम्होरिया अ स स
हेमंत चौधरी जिला अध्यक्ष अ स स
अभिषेक राजपूत (मंडल अध्यक्ष भाजपा), विश्राम सिंह सहूरिया (एडवोकेट),
रामसिंह अहिरवार (पूर्व जनपद सदस्य) सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इसके साथ ही आयोजक समिति में
एम. एल. अहिरवार (अध्यक्ष),
डी. डी. अहिरवार (उपाध्यक्ष),
एच. पी. अहिरवार (कोषाध्यक्ष),
रणधीर चौधरी (सचिव),
पोहप सिंह चौधरी (सह सचिव),
एस. एस. बंसोरिया (संयुक्त सचिव) की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कार्यक्रम संयोजक के रूप में आचार्य बी. एस. माडरे (सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक) का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों, उनके संघर्षमय जीवन और समाज सुधार में दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला। शिक्षा, समानता और अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

# नगर परिषद बनगवां: भ्रष्टाचार के दलदल में 'अध्यक्ष' की छटपटाहट, अनशन के नाम पर 'गीदड़ भभकी' का खेल!

कैलाश कुमार अहिरवार -सह संपादक (युवा प्रदेश)


बनगवां। नगर परिषद बनगवां इन दिनों विकास कार्यों के लिए नहीं, बल्कि अध्यक्ष यशवंत सिंह के कारनामों और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों को लेकर सुर्खियों में है। सत्ता की हनक और कमीशनखोरी की भूख ने परिषद को भ्रष्टाचार का केंद्र बना दिया है। ताज्जुब की बात यह है कि भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे अध्यक्ष अब खुद को %दूध का धुला बताने के लिए आमरण अनशन जैसी गीदड़ भभकी का सहारा ले रहे हैं।

**4 साल का हिसाब- भ्रष्टाचार की नींव पर खड़ा विकास?:** पिछले 4 सालों में नगर परिषद क्षेत्र में जितने भी निर्माण कार्य हुए हैं, उन पर भ्रष्टाचार की गहरी कालिख पुती है। स्थानीय लोगों और जानकारों का आरोप है कि अध्यक्ष ने न केवल गुणवत्ता से समझौता किया, बल्कि हर फाइल को आगे बढ़ाने के लिए कमीशन का एक फिक्स्ड रेट तय कर रखा है।

**अधिकारियों पर दबाव बनाता है नगर परिषद बनगवां अध्यक्ष यशवंत सिंह**

सूत्रों की मानें तो अध्यक्ष यशवंत सिंह ईमानदार अधिकारियों पर अनैतिक दबाव बनाने के लिए कुख्यात हैं। जो अधिकारी उनकी कमीशन वाली लाइन पर नहीं चलता, उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करना और ऊपर तक शिकायत की धमकी देना इनका पुराना पैंतरा है।

**भ्रष्टाचार की गारंटी- 13 लाख का शौचालय, 13 महीने भी नहीं!:** नगर परिषद की कार्यप्रणाली का सबसे भद्दा उदाहरण वह शौचालय है, जिसे 13 लाख रुपये की भारी-भरकम राशि से बनाया गया। ताज्जुब देखिए कि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा यह शौचालय 13



महीने भी सही सलामत नहीं रह सका। आज इसकी जर्जर हालत अध्यक्ष के ईमानदार विकास दावों की पोल खोल रही है।

**अधूरी सड़कें, पूरा कमीशन सड़क ऊपर बना डाली सड़क गजब का फर्जीवाड़ा!**

भ्रष्टाचार का सबसे शातिर खेल कॉलरी क्षेत्र में देखने को मिला। कॉलरी द्वारा बनाई गई मजबूत सड़क को अभी 6 महीने भी नहीं हुए थे, कि अध्यक्ष ने कमीशन की भूख मिटाने के लिए उसी के ऊपर परिषद की सड़क बनवा दी।80 लाख रुपये की लागत वाली सड़क आज भी अधूरी पड़ी है। ठेकेदार और अध्यक्ष की जुगलबंदी ने जनता के पैसे को मिट्टी में मिला दिया, लेकिन भुगतान और कमीशन का खेल पर्दे के पीछे बखूबी अंजाम दिया गया।

**आपदा में अवसर: जनता प्यासी, अध्यक्ष बेच रहे टैंकर!:** बनगवां की जनता पानी की एक-एक बूंद के लिए त्राहि-त्राहि कर रही है। भीषण जल संकट के समय जहां एक जनप्रतिनिधि को राहत पहुंचानी चाहिए, वहां अध्यक्ष यशवंत सिंह आपदा में अवसर तलाश रहे हैं। आरोप है कि परिषद के संसाधनों का उपयोग कर जनता को मुफ्त पानी देने के बजाय पानी के टैंकर बेचे जा रहे हैं। प्यासी जनता की हाय, अध्यक्ष के लिए कमाई का जरिया बन चुकी है।

विवाद की रणनीति, कॉलरी पर झूठा आरोप लगाकर छुपा रहा खुद का भ्रष्टाचार

जब मामला फंसा, तो अब अधिकारियों और कॉलरी प्रबंधन पर झूठा दोषारोपण किया जा रहा है कि वे विकास में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। हकीकत यह है कि यह दोहरी फाइल बनाकर सरकारी पैसे को ठिकाने लगाने की साजिश थी।

**डीजल-पेट्रोल का महिमामंडन और अवैध कारोबार को संरक्षण**

अध्यक्ष ने अपनी झूठी शान और महिमामंडन के लिए पिछले 4 सालों में कई करोड़ रुपये का डीजल और पेट्रोल फूंक दिया। सरकारी गाड़ियों का इस्तेमाल जनसेवा के बजाय अध्यक्ष की निजी ब्रांडिंग और रसूख दिखाने में किया जा रहा है।

नैतिकता का दोहरा मापदंड जब कमीशन न मिले तो देता है ज्ञापन दिखावे के लिए दारू, सट्टा और जुआ के खिलाफ ज्ञापन सौंपे जाते हैं।चर्चा है कि जैसे ही कमीशन की सेटिंग हो जाती है, सारे अवैध कारोबार को अभयदान मिल जाता है। सटोरियों और शराब माफियाओं के साथ अध्यक्ष की जुगलबंदी अब किसी से छिपी नहीं है। बड़ा सवाल- बिना टेंडर कैसे चमक रहे हैं अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के कक्ष?

अध्यक्ष का दावा है कि पिछले डेढ़ साल में परिषद में कोई नया टेंडर नहीं हुआ है। अगर यह सच है, तो जनता यह पूछ रही है कि

÷नगर परिषद कार्यालय में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के कक्षों का जो आलीशान रेनोवेशन (नवीनीकरण) हो रहा है, उसके लिए पैसा कहाँ से आ रहा है? किस फंड और किस योजना के तहत ये काम कराया जा रहा है?÷बिना टेंडर के लाखों के रेनोवेशन कार्य सीधे तौर पर वित्तीय अनियमितता की ओर इशारा करते हैं। क्या यह काम भी किसी पसंदीदा ठेकेदार को उपकृत करने के लिए बैक-डेट में या बंदरबाँट के जरिए किया जा रहा है?

भाजपा का लेटर पैड, कांग्रेसियों का कब्जा

बनगवां परिषद में विचारधारा का अनोखा कॉकटेल देखने को मिल रहा है। एक तरफ अध्यक्ष भाजपा के लेटर पैड का इस्तेमाल कर शिकायतें और राजनीति करते हैं, वहीं दूसरी ओर परिषद में ठेकेदारी और सप्लाई की पूरी कमान कांग्रेसियों के हाथों में है।

अध्यक्ष के कार्यकाल में जितने भी निर्माण कार्य, सप्लाई सब की हो उच स्तरीय जांच, जनता की मांग अध्यक्ष की यह छटपटाहट बता रही है कि कहीं न कहीं उनकी जड़ें हिल रही हैं। आमरण अनशन की धमकी देकर वे शायद प्रशासन को डराने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि उनके पिछले 4 साल के काले कारनामों की फाइलें न खुलें। नगर की जनता अब शासन और प्रशासन से मांग कर रही है कि पिछले 4 साल के निर्माण कार्यों, बिना टेंडर हो रहे रेनोवेशन और सामग्री सप्लाई की उच स्तरीय जांच कराई जाए, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा वाटरशेड मिशन, रात के अंधेरे में अवैध ब्लास्टिंग से थर्राया गांव, घरों में आई दरारें

कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर

पुष्पराजगढ़ जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम देवरा मझगंवा में इन दिनों %विकास% के नाम पर मौत का खेल खेला जा रहा है। बमणार नदी पर वाटरशेड मिशन के तहत निर्माणाधीन स्टॉप डैम ग्रामीणों के लिए सुविधा के बजाय दहशत का सबब बन चुका है। भ्रष्टाचार और घोर लापरवाही का आलम यह है कि नियमों को ताक पर रखकर घनी आबादी के बीच रात के सन्नाटे में भारी ब्लास्टिंग की जा रही है, जिससे कभी भी बड़ी जनहानि हो सकती है। निर्माण कार्य में लागत कम करने और समय सीमा की आड़ में सुरक्षा मानकों को पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि



रात के अंधेरे में भारी मात्रा में बारूद का इस्तेमाल किया जा रहा है। धमाकों के कारण पत्थर के बड़े टुकड़े उड़कर सीधे लोगों के घरों की छतों पर गिर रहे हैं। कई ग्रामीणों के पक्के मकानों की दीवारों में गहरी दरारें आ गई हैं, जिससे घर कभी भी जमींदोज हो सकते हैं। धमाकों की गूंज और जान जाने के डर से ग्रामीण रात भर जागकर अपने मासूम बच्चों की सुरक्षा कर रहे हैं। ब्रेकर% का बहाना, %बम% का निशाना। ?विभागीय इंजीनियर सुशील मिश्रा की कार्यप्रणाली इस पूरे मामले में संदिग्ध नजर आ रही है। ग्रामीणों की शिकायतों पर मरहम लगाने के बजाय इंजीनियर साहब बेतुके तर्क दे रहे हैं। यदि निर्माण कार्य में नियमानुसार %ब्रेकर% मशीन का उपयोग हो रहा है, तो पत्थर उड़कर छतों तक कैसे पहुँच रहे हैं? मौके पर बिखरा मलबा और क्षतिग्रस्त दीवारें चीख-चीख कर ब्लास्टिंग की गवाही दे रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं।

?आबादी क्षेत्र में ब्लास्टिंग के लिए विस्फोटक अधिनियम के तहत जिला प्रशासन से अनुमति ली गई। कार्यस्थल पर अनिवार्य %वर्क बोर्ड% (सूचना पटल) क्यों नहीं लगाया गया? लागत और ठेकेदार की जानकारी क्यों छिपाई जा रही है। जिम्मेदार अधिकारी आखिर ग्रामीणों की गुहार सुनने और फोन उठाने से क्यों कतरा रहे हैं। जनहित का दावा करने वाले सरपंच और अन्य जनप्रतिनिधियों ने पीड़ितों के नुकसान पर आँखें क्यों मूंद ली हैं।

?यदि कार्य पारदर्शी है, तो ब्रेकर की लॉग-बुक और बिलों का भौतिक सत्यापन कराने से प्रशासन क्यों डर रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। उन्होंने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए निम्नलिखित मांगें रखी हैं की निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की जाए। पीड़ित परिवारों को उनके मकानों में हुए नुकसान का तत्काल मुआवजा मिले। दोषी इंजीनियर और ठेकेदार के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज हो।

# जंगल के खेत मे महिला का मिला संदिग्ध हालत में शव, घटना स्थल में मिला मोबाइल, पुलिस जांच में जूटी

कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ शहडोल/ अनूपपुर

धनपुरी थाना क्षेत्र के सोनहा जंगल में स्थित एक खेत की झोपड़ी के पास 40 वर्षीय महिला का संदिग्ध हालत में शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सुबह मवेशी चराने गए ग्रामीणों ने शव देखा और उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

पुलिस के अनुसार शव के पास एक मोबाइल फोन मिला, जिसके आधार पर मृतका की पहचान फूल मति के रूप में की गई, जो अनूपपुर जिले के भालूमाड़ा क्षेत्र की निवासी बताई जा रही है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि जहां शव मिला है, वह खेत जंगल के बीच स्थित है और वहां आमतौर पर कोई निवास नहीं करता। ग्रामीणों ने बताया कि महिला का शव झोपड़ी के पास पड़ा था और उसके शरीर से खून निकल रहा था, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने शव को अपने



कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मर्ग कायम कर पुलिस हर पहलू से जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि महिला वहां कैसे पहुंची और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। प्रथम दृष्ट्या मामला संदिग्ध लग रहा है, इसलिए आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी हुई है

# अधिवक्ताओं के लिए सभी वादे करते हैं काम नहीं - आर एन मिश्रा

आगामी राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव के प्रत्याशी एडवोकेट श्री आर एन मिश्रा जो कि जो कि वर्तमान में उच्च न्यायालय जबलपुर में एडवोकेट भी है उन्होंने अपने के माध्यम से अधिवक्ता के लिए बहुत कुछ किया है उनके सुख दुःख में साथ दिया है और निरन्तर सेवा करते आ रहे हैं इस बार वह मध्यप्रदेश राज्य बार परिषद के प्रत्याशी भी हैं उन्होंने कहा कि की अधिवक्ताओं के लिए बड़े बड़े वादे किए जाते हैं पर निभाता कोई नहीं है इस बार



उन्होंने सभी मध्यप्रदेश बार, जिला, तहसील न्यायालय के अधिवक्ताओं से अनुरोध किया है कि उन्हें प्रथम वरीयता के रूप में मत प्रदान करे जैसे संगठन में निरंतर अधिवताओं के हितों में कार्य करते आ रहे हैं वैसे ही मध्यप्रदेश के अधिवक्ताओं के हितों मे योजनाएं बनाकर काम करेंगे। आर एन मिश्रा जी को उनकी सक्रियता के कारण भारी समर्थन मिल रहा है प्रत्येक जिला न्यायालय, तहसील न्यायालय से।





## आदरणीय अधिवक्ता साथियों

आगामी मध्य प्रदेश राज्य बार काउंसिल चुनाव में एडवोकेट संतोष कुमार शर्मा जी को अपना अमूल्य वोट एवं समर्थन देकर अनुग्रहित करें।

कृपया प्रथम वरीयता (vst Preference) का मत देकर उन्हें विजयी बनाएं। ईमानदार छवि के व्यक्ति।

' 'न्याय और अधिवक्ता हित सर्वोपरि

आपके सहयोग एवं आशीर्वाद का आकांक्षी

एडवोकेट संतोष कुमार शर्मा जी (राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच)


# उदयपुरा में अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण, देवरी में विशाल जुलूस के साथ मनाई गई जयंती

हल्केवीर सूर्यवंशी, संभागीय संवाददाता

उदयपुर/देवरी= भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर उदयपुर एवं देवरी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर श्रद्धापूर्वक जयंती मनाई गई। उदयपुर में 14 अप्रैल को डॉ. अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान नगर के वरिष्ठजनों एवं गणमान्य नागरिकों ने बाबा साहेब के विचारों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से तहसीलदार





दिनेश बरगले, थाना प्रभारी यशवंत सिंह ककोड़िया, हेमंत नरवरिया, केशव सिंह पटेल, बृज गोपाल लोया, बालकिशन नरवरिया, (पूर्व शिक्षक) रमन बामने सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वहीं देवरी में अंबेडकर जयंती के अवसर पर विशाल जुलूस निकाला गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। जुलूस नगर के प्रमुख मार्गो डीजे बाजे के साथ जुलुस निकला, जहां 'जय भीम' के नारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष और समाज सुधार में दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही शिक्षा, समानता और अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। मुख्य रूप से उपस्थित राकेश अंबेडकर भीम आर्मी जिला अध्यक्ष गोटीराम बघेल दिनेश बघेल पार्षद वार्ड नं 8, जितेंद्र बघेल मनजीत बघेल, संदीप बघेल, कु शीतल बघेल और सैकड़ों की संख्या में अनुयायी शामिल रहे।

# ब्लाक कांग्रेस हरई ने मनाया बाबा साहेब अम्बेडकर जी जयंती

भारतीय संविधान के शिल्पकार, महान समाज सुधारक एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की पावन जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन ।डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर जी ने अपने अद्वितीय ज्ञान, संघर्ष और समर्पण से भारत को एक सशक्त संविधान प्रदान किया, जो आज भी देश की एकता, समानता और न्याय की आधारशिला है। उन्होंने समाज के हर वर्ग को अधिकार दिलाने और शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने का महान कार्य किया ।उनका जीवन हमें सदैव सत्य, समानता, शिक्षा और आत्मसम्मान के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनके विचार आज भी हमारे समाज को दिशा देने वाले दीपस्तंभ के समान हैं इस पावन अवसर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं विधायक प्रत्याशी आदरणीय श्री धीरन शाह इनवाती जी ने कांग्रेस कार्यालय हरई पहुंच कर महामानव डॉ बाबा साहब अम्बेडकर जी की 135 वी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर में विधायक प्रत्याशी






आदरणीय धीरन शाह जी के ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामजी उईके, ओ बी सी प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ विजय नामदेव, ब्लाक सचिव अक्षय उइके, क्षेत्रीय अध्यक्ष भागचंद धुर्वे, राजाराम परतेती, संजू यादव, एन एस यू आई अध्यक्ष अंकित चंद्रवंशी,कार्यालय प्रभारी अब्दुल मंसूरी, अजीज खान, मनीराम सिरसाम, एवंअन्य कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# नवीन छावनी पठार में मनाई गई बाबा साहब अंबेडकर की जयंती एवं हुआ बौद्ध बिहार का भूमि पूजन

**प्रदेश ब्यूरो, भोपाल।** अतर सिंह भारतीय। 14 अप्रैल 2026 को ग्राम पंचायत नवीन छावनी पठार में डॉ बी आर अम्बेडकर समिति छावनी की अगवाई में भारत रत्न, बोधिसत्व, भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार, परम पूज्य बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास से डी जे, बग्घी के साथ चल समारोह कर मनाई गई। जिसमें हर जाति वर्ग के विभिन्न सामाजिक संगठनों और प्रबुद्ध जनों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती सुरेखा राम सिंह जी राजपूत सरपंच, विशेष अतिथि के रूप में श्री वीर सिंह जी राजपूत, दीपक जी लोधी, देवेंद्र अहिरवार, दिनेश वाल्मीक, जतिन ठाकुर, अनिल वर्मा, इंजीनियर एच डी अहिरवार, संकल्प बौद्ध जी ने शिरकत निभाई। कार्यक्रम आयोजन डॉ बी आर अंबेडकर समिति छावनी पठार से अध्यक्ष मोहन अहिरवार, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र अहिरवार,





बबलू जाटव, नर्मदा प्रसाद अहिरवार, छोटेलाल अहिरवार, गणपत अहिरवार, शरण अहिरवार, हीरालाल अहिरवार, अरविंद अहिरवार, नंदलाल अहिरवार, राहुल अहिरवार, राजकुमार अहिरवार, रघु अहिरवार, निलेश अहिरवार, ओमप्रकाश अहिरवार, छोटेलाल अहिरवार, मंजू दीपांकर, ज्योति अहिरवार, भारती भारतीय, मालती अहिरवार, मुकेश अहिरवार, काशीराम अहिरवार, राजा अहिरवार, बालकिशन अहिरवार, भारत अहिरवार, धनीराम अहिरवार, शंकर लाल, राजेश अहिरवार, नन्हे भैया कैलाश भाई ने शानदार प्रदर्शन कर बढ़िया भूमिका निभाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सम्माननीय श्रद्धेय राजेश कुमार बौद्ध ने की विशिष्ट अतिथि धर्म गुरु पूज्य श्रद्धेय जगदीश आनंद भंते जी के आतिथ्य में डॉ भीमराव अम्बेडकर बौद्ध विहार का भूमि पूजन कर आयोजित हुआ। उपस्थित समस्त उपासक, उपासिकाओं का आभार श्रद्धेय मोहन अहिरवार जी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन मुख्य रूप से समिति के सचिव शरण अहिरवार ने किया तथा सहायक संचालन के रूप में अतर सिंह भारतीय ने किया।

# डॉ अंबेडकर जयंती के अवसर पर फूल बाग अंबेडकर पार्क में सहारा हॉस्पिटल ने लगाया निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण परामर्श शिविर

**सहारा हॉस्पिटल के शिविर में विधायक डॉ सतीश सिकरवार ने कराया अपना स्वास्थ्य परीक्षण**

ग्वालियर 14 अप्रैल भारत के संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर साहब की जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल 2026 को सहारा हॉस्पिटल सिटी सेंटर ग्वालियर द्वारा बाबा डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल अंबेडकर पार्क फूलबाग में सुबह 10ः00 बजे से श्याम के 5ः00 बजे तक निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण परामर्श शिविर लगाया गया शिविर की ओपीडी में 218 मरीज ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया और अपनी आंखों की भी जांच कराई शिविर में मेडिसिन और नेत्र के डॉक्टर उपस्थित थे गंभीर बीमारी के 19 मरीज ने सहारा हॉस्पिटल सिटी सेंटर ग्वालियर में आने के लिए और जांच करने के लिए अपना पंजीयन कराया ज्ञात रहे कि शिविर के माध्यम से जो पेशेंट सहारा हॉस्पिटल में आते हैं उनसे ओपीडी फीस नहीं ली जाती है और जिनके शिविर में रजिस्ट्रेशन हो जाते हैं उनसे किसी प्रकार की फीस नहीं लीऐ जाती और जो रजिस्ट्रेशन नहीं करते हैं उनसे केवल पंजीयन श्लोक 30 रुपए लिया जाता है शिविर के माध्यम से अस्पताल में आने वाले मरीजों की जांचों में 20त्न डिस्काउंट भी दिया जाता है अस्पताल में रियायती दरों पर





इलाज जहां से तक था सर्जरी की जाती है अस्पताल में ट्रामा सेंटर है तथा अत्याधुनिक उपकरण ऑन से लैस ऑपरेशन थिएटर है सभी मरीजों की काउंसलिंग की गई सहारा हॉस्पिटल में मध्य प्रदेश विधानसभा के सदस्य ग्वालियर पूर्व के विधायक डॉ सतीश सिकरवार ने भी शिविर में आकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया बीपी चेक कराया तथा शुगर की जांच कराई तथा प्लस की भी जांच कराई सहारा हॉस्पिटल की योजनाओं के बारे में शिविर में आने वाले सभी मरीज और जनता से को सहारा हॉस्पिटल की योजनाओं के बारे में बताया गया सहारा हॉस्पिटल के संस्थापक वरिष्ठ चिकित्सक डॉ ए एस भल्ला नाक कान गला रोग विशेषज्ञ मरीज को रियाज की दरों पर इलाज उपलब्ध करा रहे हैं अस्पताल में एम एल सी की भी सुविधा है हॉस्पिटल ग्वालियर अंचल में 35 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहा है

# अभिषेक ने 404 अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण, परिवार व क्षेत्र में खुशी का माहौल



**हल्केवीर सूर्यवंशी, संभागीय संवाददाता**

**सिलवानी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा घोषित हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में सिलवानी क्षेत्र के छात्र अभिषेक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 500 में से 404 अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की है। अभिषेक ने अपने परिणाम में हिंदी में 91 अंक, अंग्रेजी में 85 अंक, बिजनेस स्टडीज में 81 अंक, बुक कीपिंग एवं अकाउंटेंसी में 67 अंक तथा इकोनॉमिक्स में 80 अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। उनके इस उत्कृष्ट परिणाम से परिवार एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

अभिषेक के पिता भगवान सिंह एवं माता कमला बाई ने बेटे की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परिजनों और मित्रों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी।

अभिषेक की इस उपलब्धि को लेकर शिक्षकों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भी शुभकामनाएं दीं और इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया।



**भोपाल।** भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की 135वीं जयंती के पावन अवसर पर आज भोपाल के बोर्ड ऑफिस चौराहा पर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बौद्ध धर्म के अनुयायियों, विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों तथा सर्वधर्म समुदाय के लोगों ने एकत्रित होकर बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो, ऋषि अजय दास, महाराज जी ज्ञानी, दिलीप सिंह जी, इमरान हारून,प्रो मनोज जैन,गुरुचरण अरोड़ा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में बाबासाहेब के विचारों–समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और सामाजिक न्याय–को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने यह संकल्प लिया कि वे बाबासाहेब अंबेडकर के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने एवं समाज में समानता और भाईचारे की भावना को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

ये आसमां ये जमी ये समंदर भी सलाम करते हैं
ये हंसी बहारों के मंजर भी सलाम करते हैं , बाबा साहेब का जिक्र नहीं कहीं तक सीमित, आपको इस दुनिया के सिकंदर भी सलाम करते हैं ।
जिनकी तुलना सुर्य से होती हो उन प्रज्ञा सूर्य के बारे में क्या लिखू महान समाज सुधारक , महान अर्थशास्त्री, महान कानूनविद् भारतीय संविधान निर्माता विश्व रत्न डां बी आर अम्बेडकर जी के चरणों में कोटी कोटी नमन व सभी देशवासियों को जयंती महोत्सव की हार्दिक बधाई शुभकामनाएँ ।



# मुदरिया चोरी रासलीला- मंत्रमुग्ध हो गए दर्शक









**मथुरा।**,अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी तीर्थ विकास परिषद एवं अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज के सामूहिक तत्वाधान में आयोजित रासलीला ÷मंदारिया चोरी÷ को देखकर दर्शक आनंद विभोर हो गए। अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में चल रहे तीन माह के संगीत नृत्य एवं अभिनय प्रशिक्षण शिविर के समापन पर इस रासलीला का मंचन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मां के ध्यान से हुआ। प्राचार्य डॉअनिल वाजपेई, कोऑर्डिनेटर मीता जी ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं रासलीला के निर्देशक, गीता शोध संस्थान के निदेशक प्रोफेसर दिनेश खन्ना ने अपने उद्बोधन में कहा कि ब्रज की लुप्त होती कलाओं को उनके मूल विशुद्ध ,पवित्र रूप में प्रतिष्ठापित करना गीता शोध संस्थान का उद्देश्य है, और अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज की प्रतिभाशाली छात्राओं ने बहुत से परिश्रम से इसे सीखा है। यह देखकर प्रसन्नता हुई कि नई पीढ़ी भारतीय कलाएं धर्म और आध्यात्मिक को समर्पित है। उन्होंने यह भी बताया कि अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज के अतिरिक्त विभिन्न कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी में भी गीता शोध संस्थान द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रशिक्षण चल रहे हैं । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री महेंद्र प्रताप सिंह जी ने कहा कि ब्रज संस्कृति के बिना भारतीय संस्कृति अधूरी है और कॉलेज की युवा छात्राओं द्वारा प्रदर्शित इस कलात्मक मंचन को देखकर मैं भारत के भविष्य को देख रहा हूं जो विश्व गुरु बनेगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अपर नगर आयुक्त श्री राकेश त्यागी जी एवं जिला उद्योग कमिश्नर रामेंद्र पाल जी ने छात्राओं को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।संचालिका डॉ मांडवी राठौर ने रासलीला से पूर्व उपस्थित दर्शकों को मुन्दरी चोरी लीला के बारे में, श्री राधा कृष्ण के प्रेम के बारे में बताया। रासलीला में भाग लेने वाली मुख्य छात्रा कलाकार थीं तनु, विशाखा ,वंशिका, महक,, पायल, प्रार्थना, मोनिका, भावना, प्रगति ,लक्ष्मी ,प्रिया ,अनुष्का, रागिनी, आकाशी ,भूमिका, प्रिया, डोली ,प्रियांशी, वर्षा ,कोमल ,कुमकुम, प्रांजल ।रासलीला को वाद्य संगीत से गुंजायमान करने वाले मुख्य कलाकार थे, आकाश शर्मा हारमोनियम पर ,सुनील व केशव पाठक तबला पर, दीनानाथ चरणदास सारंगी पर, कुमारी मानसी राजपूत ने नृत्य का प्रशिक्षण दिया। गायन,अभिनय, का प्रशिक्षण एवं मेकअप तथा वेशभूषा सज्जा का दायित्व श्रीमती रितु एवं डॉ सरिता ने संभाला। इस तीन माह के प्रशिक्षण शिविर एवं रासलीला का संयोजन कॉलेज की प्रवक्ता डॉ मांडवी राठौर ने तथा तीर्थ विकास परिषद के कोऑर्डिनेटर चंद्र प्रताप सिकरवार ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्रवक्ता नूतन देहर ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया तथा कलाकारों का परिचय कराया । तीन माह के प्रशिक्षण शिविर की समाप्ति पर सभी प्रशिक्षार्थी छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। व्यवस्थापन एवं सज्जा डॉ मनोरमा कौशिक एवं डॉ सरिता शर्मा ने की।

# सुल्तानपुर में मनाई डॉ बाबा साहब अम्बेडकर ज़ी की 135 बी जयंती

भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती बड़े ही धूमधाम से सुल्तानपुर में मनाई गई सबसे पहले चल समारोह होते हुए मुख मार्ग बस स्टैंड पर चल समारोह समाप्त हुआ बस स्टैंड बस स्टैंड कार्यक्रम आयोजित सभा जिस में डॉ अम्बेडकर ज़ी की प्रतिमाह पर पुष्प मला एबं दीप प्रजापति कर कार्य क्रम को आगे की रूप रेखा दी गई मुख्य अतिथि- श्री माननीय प्रभु राम चौधरी. पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन विधायक सांची. श्री माननीय विधायक सुरेंद्र पटवा ज़ी भोजपुरी कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ जगदीश सूर्यवंशी जी विशेष अतिथि - श्रीमती लक्ष्मी हेमराज मीणा ( अध्यक्ष नगर परिषद सुल्तानपुर) श्रीमती अरुण कमलेश राजपाल( पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद सुल्तानपुर) प्रकाश पटेल मंडल अध्यक्ष सुल्तानपुर

विशेष अतिथि- अशोक कुमार मंड्रे ( संगठन मंत्री एवं अध्यक्ष सुल्तानपुर) आयोजन - बृजलाल उईके अध्यक्ष.रामस्वरूप अहिरवार उपाध्यक्ष. संतोष बमोरिया जी सचिन

सर्वप्रथ- सभा को संबोधित कमलेश राजपाल जी डॉ भीमराव अंबेडकर जी के जीवन पर डाला बाबा साहब एक अति गरीब परिवार मैं जन्मे उन्होंने समाज सुधारक समाज के उत्थान के लिए संपूर्ण जीवन अर्पण कर दिया संविधान निर्माता बने एवं संविधान समिति के अध्यक्ष रहे बाबा साहब राजपाल जी के बाद डॉ प्रशांत चौधरी जी ने सभा को संबोधित करते हुए बाबा साहब के विचार पर प्रकाश डाला डॉक्टर चौधरी ज़ी कहां बाबा साहब एक महान पुरुष संविधान निर्माता समाज सुधारक बाबा साहब एक गरीब परिवार में जन्म लिया अन्य को भाषाओं को ज्ञान प्राप्त किया विदेश से शिक्षा प्राप्त विश्व की अच्छी यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र की डिग्री प्राप्त भारत सरकार रक्षा मंत्री रहे समाज के लिए अनेकों कार्य किया ऐसे थे हमारे बाबा साहब- चौधरी साहब के बाद डॉक्टर सूर्यवंशी जी ने सभा को संबोधित किया कहां डॉ भीमराव अंबेडकर एक महान पुरुष के रूप में जन्मे बाबा साहब ने संविधान निर्माण अपना पूरा जीवन अर्पण





किया एक अच्छे कानून अच्छी शिक्षा अधिकार दिलाया

पुरानी रूढ़िवादी नीतियों का खंडन किया सभा में आयोजित सभी सुल्तानपुर वासी एवं आसपास के ग्रामवासी उपस्थित रहे - शोभाराम जी ठेकेदार शिवानी शिवराज अहिरवार पिपरिया मगरदा. सुमेर परिहार जी चक्का वाली. सीताराम अहिरवार बैगासपुर. कमलेश बागड़ी सुल्तानपुर. सुनील बामणी जी सेमरी कला. एवं आसपास के सभी ग्राम वासी उपस्थित रहे ।

## संविधान निर्माता, महान समाज सुधारक और करोड़ों लोगों के प्रेरणास्रोत




Dr. Bhimrao Ambedkar जी की जयंती पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। बाबा साहब ने अपने संघर्ष, त्याग और अद्भुत ज्ञान से समाज को एक नई दिशा दी। उन्होंने हमें सिखाया कि शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार है और अधिकार बिना संघर्ष के नहीं मिलते।

÷शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो÷ – यही उनका अमर संदेश है। आज के इस पावन दिन पर हम संकल्प लेते हैं कि
हम उनके विचारों को अपने जीवन में उतारेंगे और
समानता, न्याय और भाईचारे पर आधारित समाज का निर्माण करेंगे।
जय भीम! जय संविधान! ??
अम्बेडकर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं ??
– जीतेन्द्र मूलनिवासी (अधिवक्ता)भीम आर्मी,आजाद समाज पार्टी कांशीराम मध्य प्रदेश

अतियाचारी, हतियारा मन ला,
जुमला बाज गला लगावत हे।
छप्पन इंच के छाती
बतइया हा,
अमरीका वाले ले डर्रावत हे।।
छोटे -छोटे देस गरज के,
इन दूनों के विरोध करत हे।
एंकर मुंहू मा तारा लगे हे,
एफिस्टीन फाइल ले डरत
हे।।
लक्ष्मी नारायण कुम्भकार
सचेत दुर्ग (छ0ग0)



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड, तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)